

दो बार की युवा विश्व चैंपियन साक्षी ने रविवार को यहां महिलाओं के 54 किग्रा वर्ग के फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व मुक्केबाजी कप – अस्ताना, कजाकिस्तान 2025 में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया।

24 वर्षीय साक्षी ने यूएसए की योसलाइन पेरेज के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन किया।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी — आकाश दीप



आकाश दीप की घातक गेंदबाजी के दम पर भारत ने दूसरे टेस्ट मैच के पांचवें दिन रविवार को भोजनकाल तक इंग्लैंड के 153 पर छह विकेट झटककर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। भारत को लंच से ठीक पहले वाशिंगटन सुंदर ने स्टोक्स का विकेट दिलाया, जो भारतीय टीम के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। इस सेशन की शुरुआत में पहले आकाश दीप ने कमाल की गेंदबाज़ी करते हुए दो विकेट निकाले। लेकिन उसके बाद स्टोक्स और स्मिथ के बीच 70 रनों की अच्छी साझेदारी हुई लेकिन लंच से ठीक पहले स्टोक्स आउट हो गए।

**क्या आप जानते हैं ?...** पंजाब किंग्स को मुंबई से 33 में से 17 मैच में हार का सामना करना पड़ा है। 2022 से उसने 5 में से 3 मैच जीते हैं। क्वालिफायर-2 में मुंबई 2 मैच जीती है और 2 हारी है।

## दिल्ली राज्य सब-जूनियर और जूनियर तैराकी चैंपियनशिप में बने दो मीट रिकॉर्ड

नयी दिल्ली, 6 जुलाई। 59वीं दिल्ली राज्य सब-जूनियर और जूनियर तैराकी चैंपियनशिप में दो रिकॉर्ड तरणताल में डूबे। रेहान सेजवाल और युवराज सिंह ने अपनी स्पर्धाओं में नए मीट रिकॉर्ड बनाए जबकि सेहर ने चौथा गोल्ड जीता। चैम्पियनिशप के दौरान दिल्ली स्विमिंग एसोसिशन को संभाल रही एडहॉक कमेटी के चेयरमैन स्वाड्रन लीडर (रिटा.) एसआर साहू ने बताया, उत्तर भारत में पहली बार टच बोर्ड का इस्तेमाल किया गया, जिसे टाइम ट्रैक स्पोर्ट्स इवेंट नियंत्रित कर रहा है। इससे सटीक परिणामों के चलते ज्यादा पारदर्शिता आएगी। रविवार को चैम्पियनशिप के तीसरे दिन हुई 200 मीटर बालिका अंडर-17 इंडिविजुअल मेडले स्पर्धा में प्रकृति दहिया ने 2:27.49 समय के साथ अब तक दो गोल्ड जीत चुकी खुशी भट्ट को पछाड़कर गोल्ड जीता। खुशी को रजत और वंशिका गुसाईं को कांसे से संतोष करना पड़ा। बालक वर्ग में अर्णव त्यागी (2:18.99) ने बाजी मारी जबकि ध्रुव सेजवाल ने रजत और वंश सुहाग ने कांस्य जीता। 200 मीटर बालिका अंडर-14 इंडिविजुअल मेडले स्पर्धा में सेहर पुरी (2:47.34) को गोल्ड, ऑसम को सिल्वर और अमर्या पटनी को ब्रॉन्ज मिला। बालक वर्ग में आरोन इमैनुअल (2:33.75) सबसे आगे रहे। विशु मौर्य दूसरे और रक्षित टोकस तीसरे स्थान पर रहे। सेहर ने 50 मीटर बटरफ्लाई का गोल्ड और 200 मीटर बैक स्ट्रोक का सिल्वर जीता। 400 मीटर बालक अंडर-17 फ्री-स्टाइल स्पर्धा में युवराज सिंह ने 4:18.16 समय निकालकर गोल्ड मेडल जीता। वंश सुहाग और तनुष झांजी ने क्रमशः रजत व कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा के अंडर-14 वर्ग का गोल्ड रक्षित टोकस (4:43.47) को गया। सूर्यामान महावाल को रजत और वीर राठी को कांसा मिला। 400 मीटर बालिका अंडर-17 फ्री-स्टाइल स्पर्धा का गोल्ड तितिक्षा रावत (4:47.57) की झोली में गिरा। प्रकृति दहिया और यजुशा दहिया क्रमशः रजत व कांस्य पदक जीतने में सफल रहीं। इस स्पर्धा के अंडर-14 वर्ग में नूपुर पाठक (5:05.34) ने गोल्ड जीता। अमीरा सिंघल और याध्वी नेगी ने क्रमशः रजत व कांस्य पदक पाया।

## विश्व मुक्केबाजी कप - साक्षी ने भारत के लिए जीता स्वर्ण पदक

अस्ताना, 6 जुलाई। दो बार की युवा विश्व चैंपियन साक्षी ने रविवार को यहां महिलाओं के 54 किग्रा वर्ग के फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व मुक्केबाजी कप – अस्ताना, कजाकिस्तान 2025 में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। 24 वर्षीय साक्षी ने यूएसए की योसलाइन पेरेज के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन किया और जजों से सर्वसम्मति से फैसला प्राप्त किया। यहां विश्व मुक्केबाजी कप में भारतीय दल का प्रदर्शन शानदार रहा और उसने कुल 11 पदक पक्के कर लिए हैं। भारत ने ब्राजील में पहले चरण में एक स्वर्ण और एक रजत सहित छह पदक जीते थे। रविवार को पहले सत्र में चार भारतीय मुक्केबाजों ने हिस्सा लिया और साक्षी ही थीं जो गति और पंचों के संयोजन के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए पोडियम पर शीर्ष पर रहीं। इससे पहले मीनाक्षी ने 48 किग्रा के फाइनल में स्थानीय पसंदीदा नाज़िम काइजेबे के खिलाफ़ जीत के लिए कड़ी मेहनत की, लेकिन 3:2 के फैसले से हार गईं। जुगनू (पुरुष 85 किग्रा) और पूजा रानी (महिला 80 किग्रा) भी अपने-अपने फाइनल में हारने के बाद रजत पदक के साथ घर लौटेंगे। जुगनू कजाकिस्तान के बेकजाद नूरदौलेटोव के खिलाफ़ 0:5 से हार गईं, जबकि पूजा ऑस्ट्रेलिया की एसेटा फ्लिंट के खिलाफ समान स्कोर लाइन से हार गईं।

## 50 हजार से अधिक लोगों ने साइकिल चला स्वास्थ्य बेहतर बनाने का लिया संकल्प

राजकोट/नयी दिल्ली, 06 जुलाई। देशभर में आयोजित 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम में 50 हजार से अधिक लोगों ने आज साइकिल चलाकर स्वास्थ्य बेहतर बनाने का संकल्प लिया। केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने रविवार को गुजरात में राजकोट के धोराजी में आयोजित 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम के दौरान कहा, साइकिल चलाना एक बेहतरीन व्यायाम है, इससे न केवल स्वास्थ्य अच्छा रहता है बल्कि यह जीवनशैली संबंधी बीमारियों की संभावना को कम करता है। यह प्रदूषण का समाधान और मोटापे से लड़ने का एक साधन भी है। मैं सभी से अनुरोध करूंगा कि वे इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। आज, मुझे यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि भारत भर के स्थानीय समुदायों ने साइकिल चलाना एक फिटनेस गतिविधि के रूप में अपनाया है। नमो फिट इंडिया साइक्लिंग क्लब के तहत फिट इंडिया ऐप पर पंजीकृत देशभर के तीन हजार से अधिक क्लबों ने भी इस पहल में हिस्सा लिया। देश भर के छह हजार स्थानों पर रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) की साझेदारी में आयोजित 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' के 30वें संस्करण में 50 हजार से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य और मोटापे तथा प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई के लिए साइकिल चलाई। दिल्ली में यह कार्यक्रम मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में यूनाइटेड रेजिडेंट्स जॉइंट एक्शन ऑफ दिल्ली (ऊर्जा) के सहयोग से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रतिभागी अपने परिवार के साथ टेनिस, क्रिकेट, बैडमिंटन, शतरंज और कैरम खेलने वाले एथलीट हैं। राहगिरी फाउंडेशन की साझेदारी में आयोजित इस कार्यक्रम में जुम्बा, रस्सी कूद और योग जैसी गतिविधियों से माहौल और भी ऊर्जावान दिखा जिसने साइकिल चालकों के उत्साह को और बढ़ा दिया।

# बर्मिंघम में इंडिया की 58 साल में पहली जीत

### आकाशदीप ने 10 विकेट लिये जबकि गिल ने 430 रन बनाये

## दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 336 रन से हराया

बर्मिंघम, 6 जुलाई। भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड को बर्मिंघम के एजबेस्टन ग्राउंड में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में 336 रन से हरा दिया। इसके साथ ही पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर हो गई है।

608 रन के टारगेट का पीछा कर रही इंग्लैंड की टीम मैच के आखिरी दिन 271 रन पर ऑलआउट हो गई। यह इंग्लैंड की धरती पर रन के लिहाज से भारत की अब तक की सबसे बड़ी जीत है। पिछला रिकॉर्ड 279 रन से जीत का था। भारत ने 1986 में लीड्स में अंग्रेजों को इस अंतर से हराया था। साथ ही भारत ने बर्मिंघम में 58 साल में पहली जीत हासिल की है। इससे पहले यहां खेले 8 टेस्ट में से 7 में भारत को हार मिली थी और 1 मुकाबला ड्रॉ हुआ था।

मैच के आखिरी दिन इंग्लैंड ने तीन विकेट पर 72 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। बारिश के कारण मुकाबला करीब 90 मिनट की देरी से शुरू हुआ। लंच तक अंग्रेजों ने तीन विकेट और गंवा दिए। दूसरे सत्र में बाकी बचे चार विकेट गिरे। भारत के लिए आकाश दीप ने 6, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, प्रसिद्ध कृष्णा और रवींद्र जडेजा ने एक-एक विकेट लिया। भारत ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 587 रन बनाए थे। शुभमन गिल ने 269 रनों की पारी खेली। जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 407 रन पर सिमट गई। भारत ने अपनी दूसरी पारी 6 विकेट पर 427 रन के स्कोर पर घोषित कर दी। गिल फिर टॉप स्कोरर रहे और 161 रन बनाए। कप्तान शुभमन गिल ने इस मैच की दोनों पारियों में मिलाकर 430 रन बनाए, जबकि आकाश दीप ने 10 विकेट झटके।

## संयुक्त विजेता टीम घोषित



जयपुर 6 जुलाई। सबा क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 8वी हाजी गनी बाबा स्मृति लीग कम नॉक आउट क्रिकेट प्रतियोंगिता के अनर्गत आज खेले गए फाइनल मैच में वर्षा के कारण मैच की दोनों पारियां पूरी ना हो पाने के कारण एमी क्रिकेट अकेडमी व केंडलविक क्रिकेट अकेडमी की दोनों टीम को संयुक्त विजेता घोषित कर दिया ।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एमी अकेडमी ने नावेद खान 49 रन, आयुष आमेरिया54 रन , कार्तिक शर्मा 64 रन की मदद से निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 225 रन बनाये बोलिंग मे केंडलविक अकेडमी की और से रौनक सैनी, मेहुल सिंह 2-2 विकेट तथा आयुष गुजर व आदित्य सराफ 1-1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे बेस्ट बेट्समेन आयुष आमेरिया, बेस्ट बॉलर रौनक सैनी, बेस्ट फिल्डर दक्ष कासलीवाल, उभरते खिलाडी का पुरस्कार मोहम्मद बिलाल को दिया। समरोह के मुख्य अतिथि विनोद माथुर पूर्व रणजी कप्तान, मोहम्मद इकबाल पूर्व उपाध्यक्ष आर सी ए, सुनील पारवानी उपाध्यक्ष जे डी सी ए, महेंद्र राजवी व मोहम्मद सलीम कॉमरेड ने इनाम बांटे।

## कॉल्विन शील्ड की विजेता जयपुर टीम का सम्मान



जयपुर, 6 जुलाई। सयोजक डी डी कुमावत के अनुसार आज आरसीए एडहॉक कमेटी ने आरसीए अकादमी पर राज्य स्तरीय सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिता कॉल्विन शील्ड की विजेता जयपुर टीम को विशेष रूप से आमंत्रित करते हुए उन्हें प्रतिष्ठित कॉल्विन शील्ड प्रदान करते हुए न केवल उनका सम्मान किया साथ ही टीम के खिलाडियों व जयपुर जिला एडहॉक कमेटी सदस्यों से मुलाकात की।आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्यों ने आरसीए कर्मचारियों से भी मुलाकात करते हुए उन्हें आरसीए के सभी लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## असम, जम्मू-कश्मीर, छत्तीसगढ़ ने हॉकी मैच जीते

रांची, 06 जुलाई। 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2025 के चौथे दिन रविवार को असम, जम्मू-कश्मीर ने ग्रुप 'सी', छत्तीसगढ़, मणिपुर और दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव हॉकी ने ग्रुप 'बी' में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मुकाबले जीते।

आज यहां मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में असम हॉकी ने ग्रुप 'सी' में तेलंगाना को 6-2 से हराया। असम की ओर से रितिका तिग्गा ने (तीसरे, 14वें', 58वें), ज्योशना एक्का ने (नौवें, 52वें) मिनट और कप्तान रोशनी ब्रूह ने (54वें) मिनट में गोल दागे। तेलंगाना की ओर से जो अनु कुमारी ने (46वें) और ए वर्शिता ने (22वें) मिनट में गोल किये। दिन के दूसरे ग्रुप 'सी' मैच में गोवा की टीम वायदांडे भूमिका भीमा के (पांचवें) मिनट में शुरुआती गोल के बावजूद अपनी बढ़त को लंबे समय तक बनाए नहीं रख पाई और हॉकी जम्मू और कश्मीर से 1-4 से हार गई। जम्मू-कश्मीर के लिए अक्षरा दत्ता ने (9वें, 46वें) मिनट, कुमारी शिवानी ने (23वें) मिनट और मनीक्षा देवी ने (59वें) मिनट में गोल किये। इसी के साथ ग्रुप 'सी' के मुकाबले समाप्त हो गये। इस बीच ग्रुप 'बी' में पहले हाफ में गोल रहित रहने के बाद छत्तीसगढ़ के लिए दुबे रावत ने (36वें) मिनट में गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। और इसके तुरंत बाद टीम की साथी श्यामली रे ने (43वें) मिनट में दूसरा गोल करके टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। तमिलनाडु ने अंतिम क्वार्टर में कप्तान जोविना डेफनी एमजे (59वें)मिनट किया गया गोल सांत्वना रहा। छत्तीसगढ़ ने मुकाबला 2-1 से जीत लिया।

## पोशिका गुप्ता ने भारत को गौरवान्वित किया : एशियाई शूटिंग चैम्पियनशिप के लिए चयनित



जयपुर, 6 जुलाई। राजस्थान मूल निवासी निशानेबाज पोशिका गुप्ता को कजाकिस्तान में आयोजित एशियन शूटिंग चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। वह 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल जूनियर महिला वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। पोशिका की इस उपलब्धि का श्रेय कोच योगेश यादव व पिता डॉ आलोक गुप्ता को दिया कोच योगेश यादव स्वयं विख्यात राष्ट्रीय निशानेबाज है उनके विशेष मार्गदर्शन में चार साल का समर्पित प्रशिक्षण और दृढ़ता शामिल है जो कड़ी मेहनत और उत्कृष्टता का प्रमाण है। इनके अनुसार पोशिका खेल के साथ साथ पढ़ाई में भी अव्वल है । पोशिका इसी साल अगस्त में होने जा रही एशियन चैंपियनशिप में एशिया भर के सर्वश्रेष्ठ निशानेबाजों के मध्य मुकाबला करते नजर आएगी।

# जयदीप बिहाणी ने वर्तमान संयोजक दीनदयाल कुमावत के बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया दी

### सरकार आरसीए को अपने नियंत्रण में लेना चाहती है, लेकिन मैं कठपुतली नहीं बनूंगा : बिहाणी



जयपुर । राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) में जारी नेतृत्व परिवर्तन और विवाद के बीच पूर्व कन्वीनर जयदीप बिहाणी ने वर्तमान संयोजक दीनदयाल कुमावत के बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया दी है।

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन में नई एडहॉक कमेटी ने कामकाज की कमान संभालते ही बड़ा फैसला लेते हुए पिछली आरसीए एडहॉक कमेटी कन्वीनर जयदीप बिहाणी के सभी फैसलों को निरस्त कर दिया। नए संयोजक दीनदयाल कुमावत ने रविवार को आरसीए एकेडमी में पदभार ग्रहण किया और पहली ही बैठक में पुराने सभी बोर्डों, सब कमेटियों और बिना सामूहिक सहमति से की गई लोकपाल और एथिक्स अधिकारी की नियुक्तियों को रद्द करने की घोषणा की। बिहाणी ने कहा कि उन्होंने कभी इस्तीफा नहीं दिया, बल्कि उन्हें हटाया गया है क्योंकि वे "खेल मंत्री की कठपुतली" बनकर काम नहीं करना चाहते थे। मैंने पिछले सवा साल में अपनी व्यवस्तता के चलते एडहॉक कमेटी का काम किया है। बिहाणी ने आरसीए में हो रही राजनीति को लेकर कहा कि आरसीए एक स्वायत्त संस्था है, न कि किसी की निजी मिल्कियत। आज जो फैसले एडहॉक कमेटी ने रद्द किए हैं वे सभी निर्णय हमने आरसीए की एजीएम में लिए थे, जिन पर 18 सदस्यों के हस्ताक्षर हैं। ऐसे में किसी एकपक्षीय कमेटी द्वारा उन फैसलों को खारिज करना आरसीए के संविधान का उल्लंघन है।कोई भी निर्णय लेने से पहले कानून की किताब पढ़नी चाहिए। जयदीप बिहाणी ने कहा कि मैंने इस्तीफा नहीं दिया, मुझे हटाया गया। आरसीए में लिए गए निर्णय एजीएम में विधिवत पारित हुए, 18 सदस्यों के हस्ताक्षर मौजूद हैं।आरसीए किसी की निजी संस्था नहीं, संविधान से चलता है। एडहॉक कमेटी द्वारा फैसलों को रद्द करना नियमों के विपरीत है।

सरकार आरसीए को अपने नियंत्रण में लेना चाहती है, लेकिन मैं कठपुतली नहीं बनूंगा। फैसलों की निरस्तीकरण के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर करने की चेतावनी दी है। जयदीप बिहाणी, पूर्व संयोजक एडहोक कमेटी ने कहा कि राजस्थान क्रिकेट संघ की साधारण सभा द्वारा लिए गये निर्णय को एडहोक कमेटी के दोबारा नहीं बदला जा सकता। राजस्थान खेल अधिनियम 2005 राजस्थान क्रिकेट संघ के संविधान के विरुद्ध कार्य किया जा रहा है। राजस्थान क्रिकेट संघ की साधारण सभा द्वारा ही लोकपाल वह सभी कमेटियों का नियुक्तियां की गई है। उनको भी साधारण सभा के बिना नहीं बदला जा सकता है कि इस तरह के निर्णय केवल साधारण सभा में ही लिए जा सकते जब एडहॉक कमेटी के द्वारा केवल दिन प्रतिदिन के कार्य ही किये जा सकते हैं। साधारण सभा जो किसी भी संस्था के सर्वोच्य सभा है, उसके द्वारा लिए गये निर्णय अतिंम व मान्य है। आज एडहॉक कमेटी के द्वारा जो निर्णय लिए गये हैं हास्यपद हैं। मेरे समय में एडहोक कमेटी के सदस्यों द्वारा लिखित में कहा गया कि केवल एडहॉक कमेटी का काम चुनाव करवाना है तो आज ये निर्णय किस के इशारे पर और किन को बचाने के लिए किये जा रहे हैं?

जिन पाली और बीकानेर के पूर्व पदाधिकारी कांग्रेसियों को बचाने के लिए यह कृत्य एडहॉक कमेटी से कौन करवा रहा है और किस के इशारे पर हो रहा है और मैं इन भृष्ट कांग्रेसी जिला संघों के विरूद्ध लडाई अंतिम निर्णय तक लड़ेंगे। मेरी एडहॉक कमेटी में जो सदस्य थे उनके द्वारा राजस्थान किकेट संघ के चुनाव का निर्णय ही नहीं होने दिया। ये सब किस के इशारे पर और ऐसा क्यों किया गया? जबकि राजस्थान किकेट संघ का चुनाव करवाना सभी जिला संघों का मौलिक अधिकार है। उन अधिकारों से वंचित कौन करना चाहता है और इस संस्था पर अपना वर्चस्व कौन रखना चाहता है जबकि सभी के द्वारा समय-समय पर यह कहा जाता है कि चुनाव करवाना ही एडहॉक कमेटी का कार्य है।

भ्रष्टाचार की जांच की बात आती है तो आईपीएल दो बार हुई है उनकी समस्त भ्रष्टाचार की जांच सरकारी ऐजेन्सी से करवायी जानी चाहिए। राजस्थान क्रिकेट संघ का कार्यालय सवाईमान सिंह स्टेडियम में संघ का कार्यालय पिछली एडहॉक कमेटी के बार-बार निवेदन के बाद भी ताले नहीं खोले गये और अब अचानक ताले खोलना किस की राजनीति को इंगित करता है? उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर उनके कार्यकाल में लिए गए वैध निर्णयों को निरस्त करने का प्रयास किया गया तो वे इसके खिलाफ हाईकोर्ट में कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। जयदीप बिहाणी ने नई एडहॉक कमेटी पर आरोप लगाते हुए कहा कि मौजूदा कमेटी सरकार के इशारों पर काम कर रही है और आरसीए को राजनीति का अड्डा बनाया जा रहा है। बिहाणी के इस बयान के बाद आरसीए की नई कमेटी और पूर्व नेतृत्व के बीच तनातनी और भी तेज हो गई है। आरसीए की आंतरिक राजनीति का क्या अंजाम होगा?

## जूनियर नेशनल में राजस्थान वुशु टीम ने ओवरआल वर्चुअल तृतीय स्थान की ट्रॉफी हासिल की

जयपुर, 6 जुलाई। भारतीय वुशू संघ की आनोडिया में दिनांक 1 से 6 जुलाई 2025 तक गाचीबौली स्टेडियम, हैदराबाद में 24वीं जूनियर नेशनल (बालक/बालिका) वुशू प्रतियोगिता का आयोजन राजस्थान में हुआ, वुशू टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 20 पदक जीते। हीरानंद कटारिया अध्यक्ष, राजस्थान वुशू संघ ने बताया कि राजस्थान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 स्वर्ण, 9 रजत और 4 रजत कुल 20 पदको के साथ ओवरऑल टीम चैंपियनशिप में तीसरे स्थान की ट्रॉफी पर कब्ज़ा किया।

राजस्थान वुशु संघ की सचिव ममता वर्मा ने बताया कि शांशु वर्ग टीम चैंपियनशिप में 02 गोल्डन, 02 सिल्वर और 01 कांस्य पदक के साथ राजस्थान वुशू संघ की ट्राफी, शानशु वर्ग वर्ग टीम चैंपियनशिप में 02 गोल्डन, 04 रजत और 01 रजत पदक के साथ 01 रजत पदक के साथ 01 रजत पदक के साथ 01 रजत पदक शामिल हैं। राष्ट्रपति के अनुसार पदक विजेता खिलाड़ियों का विवरण इस प्रकार है-

गोल्डन मेडल विजेता:- आशु 48 किलोमीटर, तुषार जाट 80 किलोमीटर, प्रियांशी गौतम 56 किलोमीटर, शगुन सिंह 65 राइडर्स, रिद्धि पारीक ताइचीशान, प्लायाबा ट्रेडिशनल नानकवान व (रोनित पारीक, हितार्थ गोरवाल, नितेश पेजपत)- ड्यूल इवेंट

रजत पदक विजेता:- इशिता चौधरी 48 किलोमीटर, हिमानी 52 किलोमीटर, रिया मिश्रा 70 किलोमीटर, ईशान शर्मा 75 जीप, रुद्राक्ष अमेरिका 60 सवारी, सुनील चौधरी 65 सवारी, नितेश, पेजपत दाऊशू, प्रिंस चौहान ट्रेडिशनल ताईची, रेनुका शर्मा विंगचुग

कांस्य पदक विजेता:- दिव्य गोदारा 60 मंजिल, केशव टेलर 85 शोरूम, मोहम्मद माहिर, ताईचीशान, मयंक वर्मा ट्रेडिशनल नानचुआन

कोच:-देवराज सिंह, मैनेजर:- निकली चौधरी

प्रतियोगिता के सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को विनोद सिंह शेखावत, मुख्य संरक्षक, राजस्थान वुशू संघ, राजाराम मील, संरक्षक, राजस्थान वुशू संघ, गोपाल सैनी, संरक्षक, राजस्थान वुशू संघ, राजकुमार शर्मा संरक्षक, राजस्थान वुशू संघ, भगवान सहायता जाटवा संरक्षक, राजस्थान वुशू संघ, के। सी. घुमरिया, साइबेरिया, राजस्थान वुशू संघ, हीरानंद कटारिया, अध्यक्ष, राजस्थान वुशू संघ, ममता वर्मा, महासचिव, राजस्थान वुशू संघ, विजय सिंह शेखावत, वजीर, राजस्थान वुशू संघ, राजेश कुमार टेलर, वुशू कोच और सभी समर्थकों ने बधाई दी।

## 'जयदीप बिहाणी ने व्यस्तता की वजह से दिया इस्तीफा'



जयपुर, 6 जुलाई। नई एडहॉक कमेटी के कन्वीनर कुमावत ने कहा कि मुझसे पहले एडहॉक कमेटी के कन्वीनर रहे जयदीप बिहाणी विधायक भी हैं। ऐसे में उन्होंने अपनी व्यस्तता के चलते कन्वीनर पद से इस्तीफा दिया था। आरसीए में किसी तरह के विवाद की स्थिति नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझे जयदीप बिहाणी और धनंजय सिंह ने एक दूसरे के लिए कहा था, अब तक इस बारे में नहीं पता है। अगर फिर भी पहले कोई विवाद था तो मुझे उसकी जानकारी नहीं है। लेकिन भविष्य में कोई विवाद नहीं होगा हम सभी मिलकर काम करेंगे।

इसके बाद रविवार दोपहर में एडहॉक कमेटी के सदस्यों ने बैठक कर राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की पूर्व एडहॉक कमेटी द्वारा किए गए फैसलों को लेकर बैठक की। इसमें पूर्व कमेटी द्वारा गठित कमेटियों को रद्द करने का फैसला किया गया।

कुमावत ने कहा कि भले ही सरकार ने हमें राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव कराने के लिए यह जिम्मेदारी दी है। लेकिन इस बीच क्रिकेट गतिविधियों का संचालन भी बेहद जरूरी है। इसलिए हम उनके संचालन के लिए भी काम करेंगे। रणजी मैच से लेकर अंडर - 23, 19 और 16 जैसे तमाम टूर्नामेंट का आयोजन बेहद जरूरी है। उनके लिए ग्राउंड से लेकर अन्य संचालन गतिविधियों के साथ ही जिला संघों के चुनाव जैसी तमाम प्रक्रिया को अब हम पांच एडहॉक कमेटी के सदस्य मिलकर ही चलाएंगे। उन्होंने कहा कि हम सबसे पहले जिन - जिन जिला संघों के चुनाव लंबित चल रहे हैं। उनकी जानकारी जुटाएंगे। जहां कोर्ट में मामला विचाराधीन है, उसे भी समझेंगे। उसके बाद सभी जिलों में चुनाव की प्रक्रिया को संपन्न करने के साथ ही हम राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के लंबित चल रहे चुनाव की प्रक्रिया को शुरू करेंगे।

एडहॉक कमेटी के कन्वीनर दीनदयाल कुमावत ने कहा कि राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन में अब सिर्फ क्रिकेट ही खेला जाएगा। किसी तरह का विवाद या राजनीति की स्थिति पैदा नहीं होने दी जाएगी। पहले जितने भी विवाद हुए थे सभी अब समाप्त हो चुके हैं। हमारा सारा फोकस सिर्फ क्रिकेट और खिलाड़ियों के विकास में है। इसके लिए हम कैलेंडर के अनुरूप ही क्रिकेट गतिविधियों का संचालन भी करेंगे।

# आरसीए एडहॉक कमेटी ने आरसीए अकादमी पहुँच संभाला पदभार

### राज्य की क्रिकेट को वापस पटरी पर लाएंगे : डी डी कुमावत



जयपुर, 6 जुलाई। राज्य सहकारिता विभाग द्वारा राजस्थान क्रिकेट संघ के संचालन हेतु गठित आरसीए एडहॉक कमेटी ने आज सवाई मान सिंह स्टेडियम स्थित आरसीए अकादमी पहुंच विधिवत रूप से अपना कार्यभार संभाला।

राजस्थान क्रिकेट संघ एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत ने आज प्रातः 11.11 सवाई मान सिंह स्टेडियम स्थित आरसीए एकेडमी थर्ड फ्लोर स्थित आरसीए ऑफिस में कमेटी सदस्यों धनञ्जय सिंह खींवसर , पिंकेश पोरवाल , आशीष तिवारी व मोहित यादव के साथ विधिवत रूप आरसीए एडहॉक कमेटी का पदभार संभाला।

संयोजक डी डी कुमावत ने आरसीए एडहॉक कमेटी के पदभार ग्रहण समारोह में मीडिया से बात करते हुए कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, ने आरसीए एडहॉक कमेटी को राज्य में क्रिकेट के विकास व संचालन की जो जिम्मेदारी दी है उसे समस्त आरसीए पूर्ण लगन व निष्ठां से सफलतापूर्वक पूरा करेंगे। साथ ही उन्होंने खेल मंत्री कर्नल राजवर्धन सिंह राठौड़, सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक का भी विशेष आभार व्यक्त किया।

पदभार ग्रहण करने के बाद नव गठित आरसीए एडहॉक कमेटी की पहली मीटिंग में सभी सदस्यों ने आरसीए के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र सहित राजस्थान क्रिकेट संघ से जुड़े विभिन्न कार्यों व आरसीए के दैनिक कार्यों के संचालन के सम्बन्ध में गहन चर्चा करते सर्वसम्मति से विभिन्न फैसले किये आरसीए की सभी पूर्व कमेटियों , सब कमेटियों को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया। पूर्व आरसीए संयोजक द्वारा बिना आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्यों की सहमति से नियुक्त किये गए लोकपाल व एथिक्स अधिकारी की नियुक्ति को रद्द किया गया। आरसीए की खेल गतिविधियों व अन्य कार्यों को सुचारु रूप से वापस पटरी पर लाने हेतु आवश्यक प्रयास किये जायेंगे। आरसीए के वित्तीय कामकाज की समीक्षा की जाएगी।